**खबर संक्षेप**

### परसापाली के सचिव को किया गया निलंबित

**सारंगढ़।** कलेक्टर पदमिनी भोई साहू बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत परसापाली के धरती आबा शिविर में शामिल हुई। इस दौरान परसापाली के सरपंच एवं पंचों के द्वारा सुदर्शन हिरवानी ग्राम पंचायत सचिव परसापाली के विरुद्ध ग्राम पंचायत में नियमित उपस्थित नहीं होने, आम नागरिकों के आवेदन पत्र लेने हेतु ग्राम पंचायत में नही आने, जन्म मृत्यु पंजीयन नही करने एवं शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने के संबंध में गंभीर शिकायत प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर द्वारा त्वरित रूप से शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सुदर्शन हिरवानी ग्राम पंचायत सचिव परसापाली को निलंबित करने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को दिया गया। जिस पर इन्द्रजीत बर्मन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सारंगढ़ बिलाईगढ द्वारा सुदर्शन हिरवानी को उनके सरकारी कार्य में लापरवाही के कारण उन्हे तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत बिलाईगढ़ निर्धारित किया है।

### खम्हारडीह, खर्री छोटे में धरती आबा शिविर

**सारंगढ़।** कर्मयोगी अभियान जनभागीदारी सबसे दूर सबसे पहले अभियान और पीएम जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में धरती आबा का शिविर सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम खर्री छोटे और खम्हारडीह में 23 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजन किया गया। इसमें कृषि एवं अन्य विभागों के फील्ड अधिकारी कर्मचारी, पटवारी, सरपंच, पंचायत सचिव, मितानिन, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका शामिल होंगे। इस दौरान सभी फील्ड अधिकारी कर्मचारी अपने विभाग की जानकारी एवं सेवाएं देंगे।

### हितग्राही निःशुल्क करा सकते हैं ई केवाईसी

**रायगढ़।** आधार संबंधी कुछ सेवाओं के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यूआईडीएआई द्वारा निर्धारित शुल्क लागू है। नया आधार पंजीकरण एवं बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट निःशुल्क है। वहीं डेमोग्राफिक अपडेट के लिए 125 रुपए बायोमेट्रिक अपडेट के लिए 75 रुपए तथा आधार डाउनलोड एवं कलर प्रिंट के लिए 40 रुपये निर्धारित किए गए हैं। महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत ई केवाईसी की प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। हितग्राही अपने नजदीकी चॉइस सेंटर एवं कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी में जाकर बिना किसी शुल्क के ई.केवाईसी करा सकते हैं। शासकीय योजनाओं में ई केवाईसी के नाम पर हितग्राहियों से किसी प्रकार की राशि नहीं ली जाएगी। यदि कोई केंद्र निर्धारित शुल्क से अधिक राशि की मांग करता है अथवा ई केवाईसी के लिए शुल्क वसूलता है, तो इसकी शिकायत तत्काल संबंधित विभाग अथवा जिला प्रशासन को की जा सकती है। शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे केवल अधिकृत चॉइस सेंटर एवं सीएससी केंद्रों से ही सेवाएं प्राप्त करें तथा योजनाओं का लाभ लेने के लिए समय पर ई केवाईसी अवश्य पूर्ण कराएं, ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ निरंतर मिलता रहे।

### सुशासन तिहार में वरिष्ठजनों को सहारा

**रायगढ़।** सुशासन तिहार के अंतर्गत धरमजयगढ़ के बायसी कालोनी में आयोजित शिविर में समाज कल्याण विभाग रायगढ़ द्वारा हितग्राहीमूलक एवं जनजागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण प्रदान कर उन्हें दैनिक जीवन में सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की गई। कार्यक्रम के दौरान नरकालो निवासी वरिष्ठ नागरिक सादर साय एवं फतेपुर धरमजयगढ़ निवासी रुपसिंह को सहायक उपकरण के रूप में वृद्धजन छड़ी प्रदान की गई। समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

डीजल दो हजार और पेट्रोल केवल तीन सौ का ही मिलेगा

# दो हजार से ज्यादा का नहीं मिलेगा डीजल, पेट्रोल पंपों ने तय की लिमिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

यदि आप पुसौर एरिया के हैं और इमरजेंसी है तो भी आपको डीजल-पेट्रोल मिलेगी इसकी कोई गारंटी नहीं है। यह इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि पुसौर क्षेत्र के पेट्रोल पंपों में डीजल और पेट्रोल के लिए एक लिमिट तय कर दी गई है। इससे ज्यादा की डीजल पेट्रोल आपको किसी भी सूरत में मिलने वाली नहीं है। यदि डीजल की जरुरत है तो केवल दो हजार और पेट्रोल चाहिए तो सिर्फ तीन सौ का ही मिलेगा। इससे ज्यादा की उम्मीद आप नहीं कर सकते। दूसरी ओर प्रशासन लाख दावा करे कि डीजल-पेट्रोल जिले में पर्याप्त है और किसी तरह की कमी नहीं है तो यह दावे बिलकुल सही नहीं है। यदि पर्याप्त है तो लिमिट तय करने की जरुरत ही नहीं पड़ती।


पुसौर के पेट्रोल पंप में लगी वाहनों की लाइन।

जानकारी के अनुसार पुसौर तहसील क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं को एक तय लिमिट में ही ईंधन दिए जाने का तथ्य प्रकाश में आया है। बाइक वालों को अधिकतम 300 रुपए का पेट्रोल और ट्रैक्टर समेत अन्य बड़े वाहनों को दो हजार का डीजल ही दिया जा रहा है। इससे किसानों और ट्रांसपोर्टरों में भारी नाराजगी है। पुसौर तहसील क्षेत्र में संचालित पेट्रोल पंपों पर इन दिनों डीजल के लिए जेसीबी ट्रैक्टर ट्रक सहित कई भारी वाहनों की लंबी लाइन लगी हुई है। खेती का सीजन शुरू होने वाला है इसलिए किसान ट्रैक्टर में डीजल फुल कराकर जुताई शुरू करना चाहते हैं लेकिन दो हजार की लिमिट के कारण संभव नहीं हो पा रहा है। कई किसानों ने बताया कि 2 हजार का डीजल ट्रैक्टर के खेत तक पहुंचने और एक बार जुताई में ही खत्म हो जाता है। फिर वापस आकर दोबारा डीजल के लिए लाइन लगानी पड़ रही है। इससे समय और डीजल दोनों की बर्बादी हो रही है। कुछ दिन पहले ही जिला प्रशासन द्वारा अवगत कराया गया था कि ईंधन की कहीं कोई कमी नहीं है, पर्याप्त मात्रा में स्टॉक है। फिर अचानक इस तरह की कमी लोगों को नागवार गुजर रहा है। कृत्रिम कमी या स्टोरेज की दिक्कत सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह कृत्रिम कमी है या फिर ईंधन एजेंसी को भंडारण की स्वीकृति नहीं दी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक कुछ किसान ऐसे भी जो डीजल की किल्लत के डर से डीजल स्टोर कर चुके हैं ताकि बुवाई के समय दिक्कत न हो। वहीं छोटे किसान 2000 की लिमिट में फंसे हुए हैं।

**खेती किसानी के काम पर पड़ेगा असर**

आज की स्थिति में प्रत्येक पेट्रोल पंप पर वाहनों की लाइन लगी हुई है। जिसका समाधान जरूरी है। इससे कैसे निजात मिले इस पर शासन का ध्यान आकर्षित होना आवश्यक है ताकि उचित कार्रवाई के जरिए लोगों को राहत मिल सके। खेती का काम समय पर शुरू न हुआ तो उत्पादन पर असर पड़ेगा अगर डीजल की लिमिट नहीं हटी तो बुवाई पिछड़ जाएगी इसे गंभीरता से लेते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी को पंपों का स्टॉक और वितरण रजिस्टर जांचने की जरूरत महसूस की जा रही है ताकि वास्तविकता सामने आ सके।



## मनरेगा के 85 कार्यों पर लगी रोक 2.33 करोड़ वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर जनपद क्षेत्र के 89 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के जरिए कराए जा रहे प्रगतिरत 85 निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी गई है। इन कार्यो के लिए जारी की गई राशि भी वापस ली जा रही है।

जानकारी के मुताबिक गाय कोठा, बकरी कोठा, डबरी निर्माण, तालाब गहरीकरण, नया तालाब, नाडेप, पृथक्करण शेड, वर्मी कंपोस्ट, विभागीय कार्य, वृक्षारोपण, सड़क निर्माण, समतलीकरण सीपीटी आदि जैसे निर्माण कार्य पुसौर क्षेत्र की पंचायतों में चल रहे थे। इन समस्त निर्माण कार्यों की स्वीकृत राशि 269.29 लाख है जिसमें से 36.19 लाख खर्च हो चुके हैं। अब शेष 233.10 लाख वापस ली जा रही है। उक्त योजना बंद न हो इसके लिए विपक्ष द्वारा विरोध किया गया था। मिली जानकारी के मुताबिक वी बी जी राम जी के तहत आगामी समय में इन सारे अधूरे कार्यों को पूरे किए जाने का तथ्य प्रकाश में आया है। चूंकि मनरेगा हितग्राही मूलक काम होने से सरकार इसे स्थाई रूप से बंद नहीं करेगी बल्कि उसमें सुधार लाने के संकेत मिल रहे हैं। माना जा रहा है कि जियो टैगिंग में गड़बड़ी मस्टररोल में फर्जीवाड़ा सामग्री श्रम अनुपात 60-40 का पालन न होना और काम की गुणवत्ता पर सवाल के चलते राज्य स्तर से कार्यों पर स्थाई रोक लगाई गई है। पुसौर जनपद में मनरेगा से करीब 12 हजार सक्रिय जॉबकार्ड धारी जुड़े हैं। काम बंद होने से गर्मी के सीजन में ग्रामीण मजदूरों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है, लेकिन अचानक काम रोकने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है। सरकार को जांच पूरी कर व्हीबीजीरामजी के तहत काम जल्द शुरू करना चाहिए ताकि मजदूरों को समय पर मजदूरी मिले।

## जगह-जगह मेडिकल वेस्ट फेंकने वाले कान्हा हॉस्पिटल पर निगम ने लगाया 25 हजार जुर्माना

**रायगढ़।** नगर पालिक निगम द्वारा शहर में स्वच्छता व्यवस्था एवं जनस्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज नगर निगम की टीम ने शहर के विभिन्न स्थानों पर मेडिकल वेस्ट फेंकने के मामले में कान्हा हॉस्पिटल प्रबंधन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 हजार का जुर्माना किया है।

इसी तरह सड़क बाधा करने के मामले में सावित्री नगर रोड स्थित शंकर टिंबर के विरुद्ध 5 हजार रुपए एवं रेलवे स्टेशन रोड स्थित दिलबहार होटल संचालक पर 2 रुपए जुर्माना किया गया। निगम प्रशासन ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए भविष्य में दोबारा ऐसी स्थिति पाए जाने पर और कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।



जांच के दौरान निगम की टीम को जानकारी मिली कि कान्हा हॉस्पिटल द्वारा मेडिकल वेस्ट को निर्धारित प्रक्रिया के तहत निष्पादित करने के बजाय शहर के अलग.अलग स्थानों पर फेंका जा रहा था। मेडिकल वेस्ट खुले में फेंके जाने से संक्रमण फैलने एवं आम लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न होने की आशंका को देखते हुए निगम प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हॉस्पिटल प्रबंधन पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। नगर निगम प्रशासन ने कहा कि मेडिकल वेस्ट का गलत तरीके से निष्पादन करना नियमों का गंभीर उल्लंघन है और इससे शहर की स्वच्छता एवं नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। निगम द्वारा ऐसे मामलों में आगे भी लगातार निगरानी रखी जाएगी। इसी अभियान के तहत सड़क बाधित करने वालों पर भी कार्रवाई की गई। सावित्री नगर रोड स्थित शंकर टिंबर द्वारा सड़क पर लकड़ियां फैलाकर रखे जाने से आवागमन प्रभावित हो रहा थाए जिस पर संबंधित संचालक के विरुद्ध 5 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। वहीं रेलवे स्टेशन रोड स्थित दिलबहार होटल संचालक द्वारा सड़क पर गिट्टीए बालू एवं निर्माण सामग्री रखकर सड़क बाधित किए जाने पर 2 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

### दिलीप ट्रेडर्स और साहू कृषि केन्द्र को नोटिस

**सारंगढ़।** गुरुवार को जिले के कई सहकारी और निजी विक्रय केन्द्रों का जयप्रकाश गुप्ता, उर्वरक निरीक्षक, मायाशंकर जोल्हे एवं जुगेश्वर पटेल बीटीएम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सहकारी समितियों में खाद एवं बीज अनुशंसित मात्रा में वितरण करने निर्देशित किया गया। समिति में उपस्थित किसानों को भी संतुलित खाद उपयोग करने तथा तत्काल खाद उठाव करने सलाह दिया गया। विकासखण्ड सारंगढ़ अंतर्गत मेसर्स सेवा सहकारी समिति कोसीर, साहू कृषि केन्द्र मल्दा अए गीता ट्रेडर्स, चन्द्रा कृषि केन्द्र जशपुर, दिलीप ट्रेडर्स हरदी का निरीक्षण किया गया। निजी संस्थाओं द्वारा एफसीओ का उल्लंघन करते पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए मेसर्स दिलीप ट्रेडर्स हरदी एवं साहू कृषि केन्द्र मल्दा अ को नोटिस जारी किया गया।

## अधिकारियों ने अचानक दी दबिश दो रेत माफिया के वाहन जब्त

**रायगढ़।** खनिज विभाग की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में औचक दबिश देकर अवैध गतिविधियों में संलिप्त वाहनों एवं मशीनों को जब्त किया। कार्रवाई के दौरान कारीछापर के विजय पटेल की एक रेत वाहन को अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वहीं रानीगुड़ा रेत खदान क्षेत्र में अवैध उत्खनन में लगी देवरी पंचायत निवासी रोशन साहू की एक चैन माउंटेन मशीन को जब्त किया गया।

इसी प्रकार खरसिया मार्ग पर रायगढ़ स्थित जगदंबा शोरूम के पास टाइगर अग्रवाल निवासी चंद्रपुर का वाहन चूना पत्थर का अवैध परिवहन करते पाया गया, जिस पर खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई की गई। खनिज विभाग द्वारा बताया गया कि जब्त किए गए



सभी वाहन बिना वैध रॉयल्टी पर्ची के रेत एवं चूना पत्थर का परिवहन कर रहे थे। इन सभी मामलों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आगामी वैधानिक एवं चालानी कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध उत्खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर सख्त निगरानी रखी जा रही है तथा खनिज माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

**अवैध खनन करते हाइवा पोकलेन जब्त**

सारंगढ़। खनिज विभाग द्वारा तहसील सारंगढ़ एवं सरिया के ग्राम टिमरलगा, कटंगपाली क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। खनिज अमला ने बुधवार को टिमरलगा में हाइवा क्रमांक सीजी 13 ए क्यू 4622 एवं गुरुवार को ग्राम कटंगपाली में खनिज डोलोमाईट का अवैध उत्खनन करते हुए पोकलेन 210 पर जब्ती की कार्रवाई की गई। इन वाहनों को थाना सारंगढ़ एवं सरपंच प्रतिनिधि कटंगपाली के सुपूर्दगी में दिया गया। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं खान एवं खनिज विकास अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की गई।

## सुशासन शिविर में उमड़ी लोगों की भीड़, मिले 103 आवेदन

**रायगढ़।** शासन की महत्वाकांक्षी पहल सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायगढ़ द्वारा वार्ड क्रमांक 1 से 4 एवं 39, 40 के नागरिकों के लिए राजीव नगर सामुदायिक भवन में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं, मांगों एवं विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे।



शिविर के दौरान कुल 103 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें सड़क निर्माण, नाली नाला निर्माण, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न जनसमस्याओं एवं मूलभूत सुविधाओं से जुड़े आवेदन प्रमुख रूप से शामिल रहे। शिविर में नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां नागरिकों ने संबंधित विभागों तक सीधे पहुंचकर अपनी समस्याएं एवं मांगें दर्ज कराईं। शिविर के माध्यम से एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध होने से नागरिकों को काफी सुविधा मिली तथा उन्हें अपनी समस्याओं के त्वरित निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। शिविर स्थल पर नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने भी विभागवार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी आवेदनों को तत्काल संबंधित विभागों को मार्क करने तथा ऑनलाइन पोर्टल में शीघ्र अपलोड करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने और नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना इसका विशेष ध्यान रखने की बात कही। उन्होंने सभी विभागों को आवेदनों के निराकरण की सतत मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए।

## दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल का सश्रम कारावास

**कटेली।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ के द्वितीय अतिरिक्तन्यायाधीश अमित राठौर के न्यायालय में थाना सरिया के अपराध कि विशेष आपराधिक प्रकरण अंतर्गत पॉक्सो एक्ट से संबंधित है में आरोपी राहुल साहू पिता वेणुधर साहू 19 निवासी ग्राम जटीयापाली थाना सरिया द्वारा 18 वर्ष से कम उम्र की नाबालिक पीड़ित बालिका को बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने की मंशा से व्यपहरण कर दुष्कर्म किया गया था।

उक्त घटना की थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया गया था, जिस पर थाना सरिया मे अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। पीडित बालिका की उम्र 18 वर्ष से कम होने पर प्रकरण लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का पाए जाने से अपर सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश सारंगढ़ द्वारा मामले का त्वरित विचारण कर सभी साक्ष्यों एवं गवाहों के बयान पर विचार करने के बाद आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 137 (2) के तहत 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 87 के तहत 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 4(1) में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया, अदालत के द्वारा मामले की सवेदनशीलता को देखते हुए क्षतिपूर्ति योजना के तहत राज्य शासन को प्रतिकर भुगतान किये जाने की अनुशंसा की गई है। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सुरक्षा प्रदान करता है। और नाबालिक की सहमति औचित्यहीन है, यह फैसला बाल सुरक्षा एवं यौन अपराध के खिलाफ राज्य शासन एवं न्याय पालिका की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही लैगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रभावित करता।

## सालों से सक्रिय डीजल चोर गिरोह पर शिकंजा पीछा करने पर स्कॉर्पियो छोड़ फरार हुए आरोपी



**छाल।** जिले के छाल और धरमजयगढ़ थाना क्षेत्रों में पिछले कई सालों से ढाबों और सड़क किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह पर पुलिस का शिकंजा कसने लगा है। जानकारी के अनुसार, पिछले दो दिनों से छाल पुलिस और स्थानीय ग्रामीण संदिग्ध चोरों को पकड़ने के लिए घात लगाकर बैठे हुए थे।

इसी दौरान शनिवार रात करीब 1 बजे ग्राम हाटी चौक के पास एक सफेद रंग की संदिग्ध स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूए 6536 दिखाई दी। छाल थाना के डायल 112 वाहन चालक सचिन राठौड़ और आरक्षक 637 विपिन किशोर खलखो ने साहस दिखाते हुए स्कॉर्पियो का पीछा करते हुए उसे धरमजयगढ़ की ओर खदेड़ा। वहीं आगे खड़गांव के पास स्थित महेश शरण ढाबा के सामने ढाबा संचालक को फोन कर मार्ग जाम करा दिया। जैसे ही संदिग्ध वाहन चालक ने आगे सड़क जाम देखा उसने स्कॉर्पियो को तेजी से वापस मोड़ने की कोशिश की, लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया। इसी दौरान पीछे से पहुंची डायल 112 टीम को देखकर आरोपी अंधेरे का फायदा उठाते हुए वाहन छोड़कर फरार हो गए।

**वाहन में मिला जरीकेन पाइप और फर्जी नंबर प्लेट**

पुलिस द्वारा जब स्कॉर्पियो वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें 10 से 12 खाली जरकेन, डीजल निकालने में इस्तेमाल होने वाले पाइप, पत्थर तथा एक फर्जी नंबर प्लेट सीजी 11 बीएस 1954 बरामद हुई। इसके बाद डायल 112 टीम ने मामले की सूचना धरमजयगढ़ पुलिस को दी। धरमजयगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर थाना ले गई। पुलिस अब वाहन और बरामद सामान के आधार पर गिरोह से जुड़े लोगों की पहचान करने में जुटी हुई है। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्यवाही की जाएगी। इधर जानकारी यह भी सामने आई है कि कोरबा जिले के करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत चचिया में एक संदिग्ध स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 08 एयू 7507 दुर्घटनाग्रस्त मिला है। बताया जा रहा है कि उस वाहन से भी कई नंबर प्लेट और जरकेन बरामद हुए हैं। आशंका जताई जा रही है कि खड़गांव से भागे आरोपियों को लेने के लिए यही वाहन पहुंचा था, जो वापसी के दौरान अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। फिलहाल पुलिस दोनों मामलों के बीच संबंधों की जांच कर रही है।

## हताशा और संकुचित मानसिकता को उजागर करता है राहुल का बयान

**रायगढ़।** राहुल गांधी के स्तरहीन बयान पर जिला भाजयुमो अध्यक्ष ने राहुल गांधी, दीपक बैज का जेसीबी में पुतला दहन करते हुए कहा आजादी के बाद महात्मा गांधी ने कहा था कि अब कांग्रेस को खत्म कर देना चाहिए क्योंकि कांग्रेस का उद्देश्य आजादी दिलाने के लिए किया गया था उद्देश्य पूरा होने के बाद कांग्रेस की जरूरत नहीं है लेकिन आजादी के सात दशक बाद भी महात्मा गांधी का सपना पूरा नहीं हुआ लेकिन आज हम राहुल गांधी दीपक बैज का पुतला दहन कर महात्मा गांधी का सपना पूरा कर रहे है।

महामंत्री त्रिलोचन राठिया ने कहा देश की जनता ने कांग्रेस ने नकार दिया है लगातार हार से यह साबित हो गया कि देश की जनता का कांग्रेस से मोह भंग हो गया है।



राहुल के बयान पर छग में प्रदेश में भाजयुमो की तीखी प्रतिक्रिया रही। राजधानी में हुए प्रदर्शन के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कहा कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बयान स्तरहीन है। बयानकी आलोचना करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण और श्अराजक मानसिकता का परिचायक बताया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मानाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त